## महाविद्यालय परिचय :–

राजकीय महाविद्यालय, नारनौंद की स्थापना वर्ष 2013 में स्थानीय निवासियों द्वारा की गई । महाविद्यालय में B.A., B.com, B.Sc (Non Medical, B.Sc Medical, B.Sc.C.S,) के पाठ्यक्रम हैं। जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 848 है । विद्यार्थियों के लिए सत्र 2019–20 में Higher Education Department द्वारा महाविद्यालय में 'Digital India' मुहिम के तहत Smart Class Room की उपलब्धता करवाई गई ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनिकी का ज्ञान हो सके। Higher Education Department से दिनांक 15.03.2019 को प्राप्त पत्र के अनुसार Multipurpose Hall के लिए महाविद्यालय को 799.12 लाख रूपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई। आज महाविद्यालय में प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के 20 पद स्वीकृत हैं जिनमें 15 पदों पर प्राध्यापक /प्राध्यापिकाएं कार्यरत हैं तथा 04 पद रिक्त हैं। तथा 01 प्राध्यापक Deputation पर अन्य महाविद्यालय में कार्यरत है। महाविद्यालय में 22 विस्तारक प्राध्यापक हैं जो उनके अनुभव एंव परिश्रम से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए कार्यरत हैं।

## शैक्षणिक उपलब्धियाँ–

सत्र 2019–20 में महाविद्यालय की बी0ए0 तृतीय वर्ष के छात्र गाविन्द, बनिता, कविता बी0एस0सी तृतीय वर्ष के छात्र की छात्रा भारती, पुनम और मीनाक्षी ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। बी0 कॉम में रीनू, तृतीय वर्ष की मोना, व द्वितीय वर्ष के आर्यन ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। बी0एस0सी0 कम्पयूटर सांईस की छात्रा रितु, बी0एस0सी0 मेडिकल की छात्रा प्रीति (Passout) ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। बी0एस0सी0 मेडिकल तृतीय वर्ष की छात्रा रितु व शीना ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

महाविद्यालय परिचय

1 — महाविद्यालय परिचय ✓
2 — शैक्षणिक उपलब्धियाँ
3 — सांस्कृतिक गतिविधियाँ ✓
4 — खेलकूद ✓
5 — NSS ✓
6 — महिला प्रकोष्ठ (Women Cell) ✓
7 — शैक्षणिक भ्रमण (Educational Tour)
8 — स्कोलरशिप (Scholarship)
9 — भूतपूर्व छात्र-मिलन समारोह ✓
10 — रक्तदान शिविर
11 — महाविद्यालय में विभिन्न परिषद् कार्यरत है।
1) भूगोल परिषद्
2) कम्प्यूटर साइंस परिषद्
3) वाणिज्य परिषद्
4) अन्य परिषद्
12 — विज्ञान प्रदर्शनी ✓
13 — कैरियर गाइडेंस एंव प्लेसमेंट सैल
14 — ~~लीगल लिटरेसी सैल~~ कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ (Legal Literacy Cell)
15 — अर्नव्हाईल यू लर्न (Earn While You Learn)
16 — बर्सर
17 — कार्यालय
18 — नियुक्तियाँ
19 — व्यक्तिगत उपलब्धियाँ
20 — पुस्तकालय (Library)
21 — आभार प्रदर्शन

9467160830

Dept. of Geography

वार्षिक गतिविधि रिपोर्ट

2019 - 20.

राजकीय महाविद्यालय, नारनौंद के भूगोल विभाग द्वारा सत्र 2019-20
में विद्यार्थियों के उत्थान हेतु विज्ञान प्रदर्शनी, पौधारोपण प्रोजैक्ट
व क्विज प्रतियोगिता आदि गतिविधियाँ सम्पन्न करवाई गई। विभाग
द्वारा सितम्बर, 2019 के प्रथम सप्ताह में प्रोजैक्ट कार्य के अंतर्गत
विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया,
जिससे प्रांगण सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ विद्यार्थियों को पर्यावरण
जागरूकता की गई और पर्यावरण के प्रति उनके उत्तरदायित्व को
स्पष्ट किया गया। फरवरी, 2020 में महाविद्यालय में आयोजित विज्ञान
प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा संसाधन प्रबंधन, जल संरक्षण व
दूर-संवेदन तकनीक की उपयोगिता के संदर्भ में मॉडल प्रस्तुत किए
गए। जिसमें से (सतत विकास हेतु जल प्रबंधन) मॉडल जिला स्तर
की प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया गया और जिले में भूगोल विषय का
Best Explainor का अवार्ड जीता गया। मार्च 2020 में आयोजित
भूगोल क्विज में राजकीय महाविद्यालय हिसार, जाट महाविद्यालय हिसार
व राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार ने भाग लिया गया, जिसमें
राज्य स्तरीय भूगोल क्विज में महाविद्यालय की टीम ने तृतीय
स्थान हासिल किया। फरवरी, 2020 में महाविद्यालय द्वारा आयोजित
शैक्षिक टूर का नेतृत्व भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ० संजय कुमार द्वारा
किया गया; जिस दौरान विद्यार्थियों को भूगोल विषय का व्यावहारिक
ज्ञान विद्यार्थियों को प्रदान किया गया। भूगोल विभाग द्वारा विद्यार्थियों
को उनके भविष्य निर्माण हेतु समय-समय पर अभिप्रेरित किया गया
व प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु जागरूक किया गया।

H.O.D.

# Sports Achievement (2019-20)

1. College student VIKAS B.A.I 69 Participate in youth National Boxing champ. at Ujjain (MP) And won gold medal

2. महाविद्यालय की yoga team ने Inter-College state champ. में भाग लिया जो कि G.C. HANSI में आयोजित हुई।
8/9/2019 To 10/19/2019

3. महाविद्यालय की Team ने Inter-college cross-country में भाग लिया जो कि G.J.U. Hisar में आयोजित हुई (17/9/2019)

4. महाविद्यालय के छात्र Kapil B.A.I 57 ने Inter-college <u>Best Physique</u> में भाग लेकर प्रथम स्थान पाया जो कि G.J.U. Hisar 26/9/2019 को सम्पन्न हुई

5. महाविद्यालय के दो छात्र 1 MONU B.A.II ने Inter-college
   2 KAPIL B.A.I
   wrestling में भाग लेकर क्रमशः silver व Gold हासिल किया जो कि G.C. Hisar में 23/10/2019 को आयोजित हुई

6. महाविद्यालय के विद्यार्थी VIKAS B.A I[st] 69 won gold medal in National youth rural and sports fedration on 18/10/2019 to 20/10/2019 at Morgiem (Goa)

7. G.C. NARNAUND की Annual Athletic Meet का आयोजन 15/11/2019 को किया गया जिसमें महाविद्यालय के अनेकों students ने भाग लिया जिसमें Best Athlet (Men व Women)
   Best Athlet (Men) – PANKAJ B.A.I[st] 75
   Best Athlet (Women) – KAGI BA.II[nd] 75

P.T.O.

(8) महाविद्यालय के खिलाड़ी VIKAS B.A.I 69 ने Inter College Boxing Champ. में भाग लिया जो कि Hisar में 23/11/2019 को हुई तथा Bronze madel हासिल किया

(9) महाविद्यालय की Athletic Team जिसमें four Girls व Three Boys ने G.J.U. की Annual Athletic meet में भाग लिया जो कि 18/2/20 To 20/2/20 को आयोजित हुई तथा College के student (Mandeep I$^{st}$ 64) ने 10,000M Race में II$^{nd}$ Position प्राप्त की।

[signature]

Dr. PANKAJ Gupta

Incharge sports

(3) Cultural Activity 2019-20

I महाविद्यालय में 'Talent Search' कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17/9/2019 को किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने भिन्न-2 विधाओं में भाग लिया।

2. महाविद्यालय के छात्र Manoj Kumar B.A. II$^{nd}$ 27 ने K.U.K. में आयोजित होने वाले 'RATNAVALI Festival' में भाग लिया तथा 2$^{nd}$ Position Poetry में प्राप्त की। जो कि 2 Nov से 5 Nov 2019 को आयोजित हुआ।

3. महाविद्यालय की Cultural Team ने G.J.U. Hisar में होने वाले youth festival जो कि 7 Nov To 9 Nov 2019 को हुआ भाग लिया तथा निम्न Position प्राप्त की

1 Ritual - I$^{st}$
2 Skit (HARYANVI) - II$^{nd}$
3 Poetry - II$^{nd}$ (MANOJ B.A. II$^{nd}$ 27)

4. महाविद्यालय का वार्षिक Cultural Program (SARGAM) 19/2/2020 को College प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया, जिसमें student ने Dance, Singing, Skit, Mono acting, Poetry में भाग लिया। जो भी विद्यार्थी I, II, III आया उनको क्रमशः 300, 200, 100 रु Cash Prize दिया गया

[signature]
Dr. PANKAJ GOYAT
Convener Cultural Committee

# कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय नारनौंद, हिसार

## प्रेस नोट

आज दिनांक 29 जनवरी 2020 को राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में रेड रिबन क्लब के तहत 'ट्री फॉर लाइफ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्री देवेंद्र लाठर, सहायक प्रोफेसर श्री रविंदर(इंचार्ज रेड रिबन क्लब), सहायक प्रोफेसर श्रीमती सुशीला और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पौधों को लाल रिबन से पर्यावरण, सशक्त युवा और HIV जागरूकता संबंधित संदेश पत्र बांधे। इस तरह से कार्यक्रम के द्वारा पर्यावरण रक्षण, सशक्त युवा और HIV जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 25 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इंचार्ज
रेड रिबन क्लब

प्राचार्य

(5)

N.SS Report 2019–2020

# रिपोर्ट

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में 19 फरवरी से 29 फरवरी तक एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा 10 दिन का श्रमदान किया गया। श्रमदान में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में स्थित पार्को और खेल का मैदान का रखरखाव किया। श्रमदान के पहले दिन 19 फरवरी 2020 को विद्यार्थियों ने पुस्तकालय की साफ सफाई की। श्रमदान के दूसरे दिन 20 फरवरी 2020 को विद्यार्थियों ने नेशनल कबड्डी का मैदान तैयार किया। 21 फरवरी से 27 फरवरी तक को एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय में स्थित पार्कों की सफाई की गई। इस श्रमदान में विद्यार्थियों ने पार्क में फैली गंदगी जैसे पॉलिथीन ,कंकर पत्थर ,कूड़ा करकट आदि को साफ किया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने पार्क मे स्थित पौधों की खुदाई और खुदाई के बाद उनमें पानी भी दिया गया। 28 फरवरी श्रमदान के नौवें दिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के अंदर वॉलीबॉल का मैदान तैयार किया और खेलों के प्रति जागरूकता फैलाई। 29 फरवरी 2020 के श्रमदान के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने पार्क की सफाई की। इस श्रमदान को सफल बनाने के में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवेंद्र सिंह ,डॉ पंकज गोयल सहायक प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा ,श्री सुखदेव सिंह व मैडम सुशीला (एनएसएस संचालक) और श्री नवीन जी की अहम भूमिका रही और साथ मे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपना अहम योगदान दिया। इस 10 दिन के श्रमदान मे स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को श्रम,सफाई और खेलों के प्रति जागरूक किया।

Sushila
02/03/2020

प्राचार्य
Principal
Govt. College
Narnaund (Hisar)

NSS Report 2019-2020

रिपोर्ट:-

आज दिनांक 11 अक्टूबर 2019 को राजकीय महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने आने वाले विधानसभा चुनाव में ग्रामीणों व युवाओं को 100% मतदान करने के लिए रैली निकालकर जागरूक किया। इस समय प्राचार्य डॉ लाठर कहा कि 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में युवाओं व आमजन को शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। क्योंकि मतदान करना हमारा राजनीति अधिकार है हमें अपने मत का सही उपयोग करके एक अच्छे नेता चुनाव कर सकते हैं। जो हमारे पर्यावरण, शिक्षा, बढ़ती जनसंख्या, पर्यावरण प्रदूषण की समस्या का समाधान करें। क्योंकि बहुत से नागरिक मतदान करने नहीं जाते क्योंकि उनको यह नहीं पता कि उनका एक वोट कितना कीमती है। एक वोट से किसी की हार या जीत का फैसला हो सकता है और बाद में नेता को गलत ठहराते हैं। इसलिए हमें मत का आने वाले विधानसभा चुनाव प्रयोग करना होगा। ताकि हम एक अच्छे ईमानदार नेता को चुन सके तथा जो आम जनता के साथ मिलने वाला हो। इसके साथ-साथ हमें इस चुनाव में शराब, नशा

आदि से व हमें अपना मत किसी को चंद रुपयों में नहीं बेचना है तथा कोई भी समस्या होने पर विद्यार्थियों को मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 के बारे में भी बताया। कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या समाधान इस नंबर से ले सकता है। इस अवसर पर सुखदेव, नवीन, मोनू, मनजीत, नेहा आदि प्राध्यापक मौजूद रहे।

13:07

Scanned by CamScanner

प्रेस नोट :-

आज दिनांक 2 अक्टूबर 2019 को राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पोलोथिन व प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ ली। इस समय डॉ सुखदेव ने बताते हुवे कहा कि लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी बहुत बहादुर इंसान थे। उन्होंने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया तथा गांधीजी ने स्वच्छता का संदेश घर-घर तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पॉलिथीन का सबसे ज्यादा उपयोग किया जा रहा है जिससे हमारा पर्यावरण दूषित हो गया है क्योंकि यह कभी नष्ट ना होने वाला पदार्थ है। इसलिए हमें इनका प्रयोग नहीं करना चाहिए तथा स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया तथा एक कदम स्वच्छता की ओर का संदेश दिया। इस अवसर पर सुशीला, नवीन, सुखदेव, मनजीत व अनेक प्राध्यापक व संजय, रविन्द्र, मोनू जोगी, सरिता, सीमा, नेहा, बबिता आदि अनेक स्वयंसेवक मौजूद रहे।

12:52

Scanned by CamScanner

रिपोर्ट :-

आज दिनांक 5 सितंबर 2019 को राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा शिक्षक दिवस पर गुरुजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवेंद्र लाठर ने शिरकत की व वरिष्ठ अतिथि के तौर पर डॉ सुनील अहलावत जी रहे। इस समय डॉ दिवेंद्र लाठर ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन विद्यार्थियों ने शिक्षा के प्रति सचेत रहना होगा तथा दिन-प्रतिदिन मेहनत करनी होगी क्योंकि अगर विद्यार्थी ने लगन से मेहनत नहीं की तो वह आगे आने वाले दिनों में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए विद्यार्थियों ने अपने जीवन में सकारात्मक विचार अपनाने चाहिए और नैतिक मूल्यों का ध्यान रखना चाहिए इसके साथ-साथ लोगों का सहयोग करना चाहिए और महिलाओं बेटियों, गरीब बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ सुनील कुमार ने पोषण व कुपोषण के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक

Scanned by CamScanner

किया। इस अवसर पर डॉ सुखदेव, सतीश कुमार, मोनू जोगी माजरा, परमजीत, सुनील कुमार, संजय, रविंद्र माजरा आदि मौजूद रहे। 12:24

Scanned by CamScanner

रिपोर्ट :-

आज दिनांक 29 अगस्त 2019 को राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के साथ अन्य विद्यार्थियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। डॉ पंकज गोयत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज़ के दिन संपूर्ण भारत में फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट पर फिट रहने के प्रति संदेश दिया तथा नव भारत निर्माण में युवाओं को अपना सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन भारत में सबसे ज्यादा 62% युवा है जो विश्व में किसी भी देश के पास नहीं है और युवा ही अपने देश में क्रांति ला सकते हैं तथा युवाओं में क्रांतिकारी भावना होनी चाहिए ओर बताया कि मेजर ध्यानचंद ने खेलों में अपना महत्वपूर्ण योगदान से पूरी दुनिया को मंत्र

Scanned by CamScanner

मुक्त कर दिया था तथा सिर्फ युवा ही भारत का खेलों में नाम रोशन करते आये है और हमारी उम्मीदों को नए पंख लगाते रहे हैं। इस मौके पर डॉ सतीश कुमार, डॉ सुखदेव, सुशीला, मोनू जोगी माज़रा, परमजीत, अजय सोनी खे ी जालब, मंदीप, सागर, प्रीति, रविन्द्र माजरा आदि मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

प्रेस नोट :-

# हर व्यक्ति ने पर्यावरण को बचाने का लेना होगा संकल्प:- डॉ देवेंद्र लाठर

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को पराली न जलाने के प्रति जागरूक किया। डॉ देवेंद्र लाठर ने संबोधित करते हुए कहा कि पराली जलाने से, पॉलिथीन जलाने से तथा प्लास्टिक व फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं से हमारे पर्यावरण को बहुत नुकसान हो रहा है और इससे पर्यावरण प्रदूषण दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। हमें पर्यावरण प्रदूषण के प्रति विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि अगर ऐसे ही पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता रहा तो एक दिन हमें सांस लेने में बहुत बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। पर्यावरण प्रदूषण से दमा, आंखों में जलन, त्वचा के रोग आदि अनेक बीमारियां हो जाती हैं। इसलिए हमें पराली को, प्लास्टिक को, पॉलिथीन को तथा जो पदार्थ पर्यावरण प्रदूषण में हानिकारक हैं उन पदार्थों का प्रयोग नहीं करना चाहिए ताकि हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त हो और हमारा स्वास्थ्य ठीक रहे। इस अवसर पर संजय मौण, पंकज गोयत, नेहा, नवीन, सुखदेव, प्राध्यापक मोनू जोगी माजरा, रविंद्र माजरा, प्रीति, दीक्षा कौशिक,सीमा, नेहा,

प्रीति, संजय बुडाना, तुलसीदास, विकाश, सोनिया, सागर आदि विद्यार्थी मौजूद रहे। (धन्यवाद)

11:3

Scanned by CamScanner

रिपोर्ट :-

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद की स्वयंसेवकों ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय में सुबह सफाई अभियान चलाया तथा उसके बाद में नारनौंद में डोर टू डोर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस समय डॉ सुखदेव ने बताया कि यह स्वच्छता पकवाड़ा 1 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है। इसमें एनएसएस के 120 स्वयंसेवकों ने भाग लिया तथा सफाई अभियान व लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया इसके साथ साथ स्वयंसेवकों के द्वारा रैली निकालकर जल बचाओ, पौधारोपण, सफाई अभियान आदि की शपथ दिलवाकर जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि समय सेवकों ने लोगों को संदेश दिया कि शौच के बाद हमें साबुन से हाथ धोने चाहिए तथा अपने आसपास के क्षेत्र में ज्यादा गंदगी नहीं होने देनी चाहिए। जिस क्षेत्र में ज्यादा गंदी होगी उस क्षेत्र में बीमारियों का प्रकोप सबसे ज्यादा होगा और बीमारियों की चपेट में आने से हमारा शरीर कमजोर हो जाएगा तथा शरीर के अंदर रोगों से लड़ने की क्षमता कम

Scanned by CamScanner

क्षेत्र में बीमारियों का प्रकोप सबसे ज्यादा होगा और बीमारियों की चपेट में आने से हमारा शरीर कमजोर हो जाएगा तथा शरीर के अंदर रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाएगी। इस अवसर पर नेहा, नवीन, सुशीला, मोनू जोगी माजरा, रविंद्र, सागर, दिव्या, अमित कुमार, परमजीत, ज्योति रानी आदि मौजूद रहे। 11:50

Scanned by CamScanner

# जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता हिसार में राजकीय महाविद्यालय नारनौंद के विद्यार्थी मोनू जोगी माजरा ने मारी बाजी

नेहरू युवा केंद्र हिसार के द्वारा जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर पूर्वी कृषि यंत्र परीक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीटीसी) हिसार में किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय नारनौंद से मोनू जोगी माजरा व नसीब खान ने भाग लिया। इस भाषण प्रतियोगिता में मोनू जोगी माजरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके अपने गाँव तथा अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस समय नेहरू युवा केंद्र हिसार के जिला युवा समन्वयक श्री नरेंद्र यादव, महेंद्रगढ़ के समन्वयक महेंद्र सिंह नायक, खेल एवं कार्यक्रम विभाग (हरियाणा) हिसार से जिला समन्वयक रेखा उभा, अकाउंटेंट निखिल, सुखबीर, निशा, मंजू, केशव तथा निर्णायक मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

10:46

Scanned by CamScanner

एकता में स्लोगन लिखकर वह खूबसूरत पेंटिंग बनाकर एकता का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सरिता व संगीता ने द्वितीय स्थान पर बबिता ने और तृतीय स्थान पर रविंद्र माजरा ने बाजी मारी। इस अवसर पर पंकज गोयत, सुखदेव, नेहा, संजय मौण, नवीन, आदि प्राध्यापक व मोनू जोगी माजरा, परमजीत, विक्रम सिसाय,विकाश, दीक्षा कोशिक, अर्चना, ज्योति रानी, संगीता, सरिता, भूप सिंह, कृष्ण माजरा, रविन्द्र माजरा, सचिन खण्डा, नेहा, सीमा,ममता, पूजा आदि अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे।

11:32

Scanned by CamScanner

प्रेस नोट :-

**भारत को जोड़ने में सरदार पटेल का रहा महत्वपूर्ण योगदान :- डॉ देवेंद्र लाठर**

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में राष्ट्रीय एकता दिवस पर भारत के लौह पुरुष सरदार पटेल को पुष्प चढ़ा कर याद किया। वही डॉ देवेंद्र लाठर ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हर वर्ष 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह राष्ट्रीय एकता दिवस भारत के लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की याद में मनाया जाता है। क्योंकि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने भारत की 562 रियासतों को भारत में मिलाकर एक संपूर्ण भारत का निर्माण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सरदार पटेल ने ही भारत में रजवाड़े खत्म करके एक राष्ट्र व एक लोकतंत्र की स्थापना की तथा सरदार पटेल ने अपना आजीवन अपने देश भारत को अनेक ऊंचाइयां छूने में लगा दिया ताकि भारत का विश्व में नाम ऊंचा हो और भारत नई-नई उपलब्धियां हासिल करें। वही राष्ट्रीय एकता दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा इस पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल पर व राष्ट्र की

Scanned by CamScanner

रिपोर्ट

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में sveep के अंतर्गत विद्यार्थियों को मतदान डालने के प्रति जागरूक किया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ करें भाग लिया और स्वीप के अंतर्गत विद्यार्थियों को वोट डालने की शपथ दिलवाई। तथा मतदाता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया, व डोर टू डोर जाकर लोगों को वोट का महत्व बताया। इस विधानसभा चुनाव 2019 में महाविद्यालय के 280 विद्यार्थियों ने मतदान किया तथा जिन विद्यार्थियों ने मतदान किया उनको हरियाणा महोत्सव विधानसभा चुनाव 2019 के दौरान उत्तर शिक्षा विभाग हरियाणां ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया व आगे आने वाले चुनावो में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर मतदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ दिवेंद्र लाठर, डॉ पंकज गोयत, सुखदेव, संदीप, नेहा, मोनू आदि प्राध्यापक व मोनू माजरा, रविन्द् माजरा, रवि, संगीता, सरिता, सीमा, बबिता, नेहा, रचना, मनीष, अंजू, प्रिया, पूनम, सागर कत्याल विद्यार्थी मौजूद रहे।

10:47

Scanned by CamScanner

1. इस सात दिवसीय NSS कैंप का शुभारंभ 27 दिसंबर को किया गया। जिसमें मुख्यातिथि राजकीय महाविद्यालय नारनौंद के प्राचार्य डॉ देवेंद्र सिंह लाठर जी रहे। ओर स्वयंसेवकों का एक दूसरे के साथ परिचय करवाया गया तथा एनएसएस के महत्व तथा उसकी स्थापना के बारे में स्वयंसेवकों को जागरूक किया गया ओर महाविद्यालय के इस पावन प्रांगण में स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया जिसमें युवाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया।

2. 28 तारीख को स्वयंसेवकों ने हमारे महाविद्यालय के कैंपस में, तथा ग्राउंड में सफाई अभियान चलाया तथा महाविद्यालय के कैंपस में फैली हुई गंदगी को दूर किया। ताकि हमारा महाविद्यालय साफ व सुंदर रहे।

3. 29 तारीख को 11 बजे हरियाणा पुलिस में नारनौंद के डीएसपी श्री जोगिंदर सिंह राठी ने स्वयंसेवकों को नशे के बारे में जागरूक किया तथा समाज में एक दूसरे व्यक्ति का सहयोग करने के बारे में बताया तथा कानून का पालन करने के लिये जागरूक किया और फिर दोपहर 2:00 बजे स्वयंसेवकों ने नारनौंद में रैली निकालकर सफाई के बारे में ग्रामीणों को जागरूक

Scanned by CamScanner

किया तथा इसके साथ-साथ बेटा बचाओ बेटी पढ़ाओ, पेड़ लगाओ आदि के नारे लगा कर लोगों को जागरूक किया तथा फिर हरियाणा राज्य परिवहन के सामान्य बस स्टैंड परिसर में सफाई अभियान चलाया ओर आने जाने वाले मुसाफिरों को सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया ओर सफाई ना होने पर फैलने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया। इसके साथ साथ स्वयंसेवकों ने पेड़ पौधों की सफाई की ओर उनमें पानी डाला।

4. 30 तारीख को स्वयंसेवकों ने उपमंडल परिसर में सफाई अभियान चलाया तथा कूड़े कचरे को एक जगह पर इकठा किया। फिर बिजली घर में स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया और वहां पर फैले कूड़े को उठाकर एक जगह पर इकट्ठा किया।

5. 31 तारीख को स्वयंसेवकों ने गांव बुडाना के तालाब का शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें फाइव पौंड तालाब की जानकारी ली और फिर राजकीय उच्च विद्यालय में सफाई अभियान किया। उसके बाद पंचायत भवन में सफाई अभियान किया तथा रैली निकालकर ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वस्था जागरूकता, सफाई अभियान के प्रति जागरूक किया। ओर ग्राम

Scanned by CamScanner

ायत बुडाना ने स्वयंसेवकों को प्रशंसा पत्र कर सम्मानित किया।

6. 1 जनवरी को स्वयंसेवकों ने नारनौंद में सफाई अभियान के प्रति रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया तथा दादा देवराज पार्क में सफाई अभियान चलाया और वहां पर मौजूद बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं तथा नोजवान साथियो को सफाई ना होने पर उनसे पैदा होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया।

7. आज 2 जनवरी को इस सात दिवसीय कैंप के समापन पर हमारे बीच में मुख्यअतिथि नगर पालिका नारनौंद के चेयरमैन श्री सुमेर लोहान व वाइस चेयरमैन श्री विनोद एमसी जी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेंगे तथा स्वयंसेवकों को जागरूक करेंगे।

10:4

Scanned by CamScanner

# रिपोर्ट :-

देश का मान भारत का संविधान :- डॉ सुरेश कुमार

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में 70 वां संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ सुरेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान हम भारतीयों के लिए सम्मान का विषय है। भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन में बनकर तैयार हुआ। जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया और उसी दिन से पूरे भारतवर्ष में संविधान का पालन किया जानें लगा। भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान के रूप में दुनिया का सबसे बड़ा संविधान तैयार किया है। यह 60 देशों का संविधान पढ़ कर बनाया गया है। अब वर्तमान में भारत के संविधान में 450 अनुच्छेद व 124 बार संसोधन किया जा चुका है। हम सब ने मिलकर संविधान की रक्षा तथा उसका सम्मान करना चाहिए क्योंकि भारत का संविधान सर्वोपरि हैं। इसके साथ साथ विद्यार्थियों को संविधान में लिखित मौलिक अधिकारों व कर्तव्ययों के बारे में भी बताया। क्योंकि आज के दिन जो विद्यार्थियों, महिलाओं, लड़कियों जो पढ़ने में सरकार के द्वारा सुविधाएं दी जा रही है वह भारत के संविधान के अनुसार ही दी जा रही है। वहीं प्राचार्य डॉ देवेंद्र लाठर ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में संविधान का पालन करने तथा अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देने के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया ताकि पढ लिख कर राष्ट्र के प्रति अपना फर्ज अदा कर सकें।

वही एनएसएस टीम से मंच संचालान कर रहे मोनू जोगी माजरा ने मुख्य अतिथि व वरिष्ठ अतिथिगणों का धन्यवाद किया और युवाओं को संविधान की रक्षा तथा उसका पालन करने के लिये कहा और लड़कियों, महिलाओं, बुजुर्गों का सम्मान करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया तथा पर्यावरण के प्रति ध्यान देने के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर प्राचार्य. देवेन्दर लाठर, पंकज गोयल, सुखदेव, असिस्टेंट प्रोफेसर नेहा, मोनू, सुनीता आदि प्राध्यापक. रविंद्र माजरा, मोनू जोगी माजरा, बबिता, सीमा रानी, नेहा, संगीता आदि अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे।

Govt. College
Narnaund (Hisar)

Scanned by CamScanner

रिपोर्ट :-

आज दिनांक 26 सितंबर 2019 को राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में पोषण व कुपोषण पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस पेंटिंग प्रतियोगिता में 20 स्वयंसेवकों ने भाग लिया तथा इस पेंटिंग प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय नारनौंद के प्राचार्य डॉ दिवेंद्र लाठर ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ देवेंद्र लाठर ने पोषण व कुपोषण पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। क्योंकि आजकल खान-पान के कारण काफी लोगों की पाचन क्रिया काफी कमजोर हो चुकी है जिसके कारण शरीर अनेक बीमारियों का शिकार होता जा रहा है। इसलिए हमें अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए तथा हमें सुरक्षित आहार का प्रयोग करना चाहिए। कुपोषण का मुख्य कारण फास्ट फूड है आज की युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा फास्ट फूड का प्रयोग करती है जिससे मोटापा, सांस, दमा, एनीमिया आदि अनेक बीमारियां हमें घेर लेती हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक हरी सब्जियां व संतुलित प्रयोग करना चाहिए।

इस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पोषण व कुपोषण से संबंधित जानकारियां लिखकर एक अच्छा संदेश दिया। इस पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पिंकी ने बाजी मारी। इस अवसर पर सुनील, सुखदेव, सुशीला, नवीन आदि प्राध्यापक आशा, पूजा, अंजली, मैना, मोनू, संगीता, सरिता, निशा, संजय आदि अनेक स्वयंसेवक मौजूद रहे। 12:43

Scanned by CamScanner

# Legal Literacy - Cell

## Session 2019-20

Legal Literacy-cell of Govt. College, Narnaund organised Competitions regarding essay writing, speech/declamations, Poem recitations, on the spot painting and Quiz on dated 15/02/2020. The students of the college participated in this competitions with full excitement and enthusiasm. In essay writing competition Ms. Priyanka (B.A-II), Bharti (B.A-III) and Poonam (B.A-III) got 1st, 2nd & 3rd positions respectively. In speech, Ms Bharti B.A-III, Minakshi B.A-III, Deepak B.A-III, got Ist, 2nd & 3rd positions respectively. In Poem recitation Bharti B.A-III, Priyanka B.A-IInd and Kartit B.A-II got Ist, 2nd & 3rd positions. Similarly, in Painting Sushil B.A-III, Rekha B.A-III & Priyanka B.A-II got Ist, 2nd & 3rd positions. In Quiz there were six teams naming team A, B, C, D, E & F. In this competion team 'B', Containing Reena and Meenu of BSc-III (N.M.) got Ist position. Team 'C' containing Priya from BSc-II C.S. & Jyoti from BSc-II N.M. got second position. Team 'A' containing Manisha and Poonam from B.A-III got 3rd position. Overall it was a successful event under the inchargship of Ms. Suman Kumari Asstt. Professor of mathematics, supported by Mrs. Sushila, Mrs. Suman Kumari (Geography) and Ms. Neha Rani (Commerce).

Incharge (signature) 15/02/2020
Suman Kumari
Asstt. Prof. (Maths)

(signature)
Principal
Principal
Govt. College, Narnaund
Narnaund (Hisar)

Women-Cell [2019-20]

Keeping in mind, the concept of women empowerment, the Women Cell of College organised a seven days workshop regarding beauty parlour, medical awareness and sexual harassment for girl students. So, for this purpose from 12-10-2019 to 19-10-2019 Mrs Priyanka, beautician is invited to guide and train the girls about beauty tips. She delivered two lectures per day. During this workshop Mrs. Priyanka taught and demonstrated number of beauty tips and procedures. She delivered lectures on pedicure, manicure, threading, waxing, bleech, facial, haircuts, self makeup bridal makeup, saree styles, hair styles, mehandi etc. She also shared her knowledge with girls about types of skin, complexion levels of facials, routinely used facial techniques, safe removal of eyelashes & eyebrows, different types of cosmetics and its proper uses.

In this series, keeping in mind the present scenario, on dated 12-10-2019, Advocate Mr. Vinod Kumar was invited to create awareness about sexual harassment among girl students. He told the girls about their special rights and special laws & acts enacted by govt. of India for the safety of girls.

During this workshop Dr. Shivangi Sharma was Invited to deliver lecture on "Uterine Cancer: Causes & Prevention" and "Personal hygiene". She awared the girls about different stages of cancer their cases and preventions. She also told the benifits of Personal hygiene. She to the girls that they should keep their undergarments neet and clean so that they can keep themselves away from germ infection. She emphasises on personal hygiene of girls in order to keep them healthy and fit.

Majority of girl students attend & take part in this workshop and make this a wonderful and successful event.

Incharge (signature) 24/10/2019
Suman Kumari

(signature)
Principal
Govt. College
Narnaund (Hisar)

# "सुहानी यादें"

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद, दिनांक 7 फरवरी 2020 को 'सुहानी यादें' द्वितीय एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य 'डॉ० देवेन्द्र सिंह ठाकर' ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पूर्व छात्र मिलन समारोह का संचालन डॉ० पंकज गोयत ने किया। डॉ० पंकज गोयत ने पूर्व विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय में उनका स्वागत किया व बताया कि इस आयोजन का मकसद पुराने पलों और पुराने रिश्तों का जश्न मनाने के साथ-साथ नए रिश्तों का अध्याय शुरू करने से है। पूर्व छात्रों के लिए फिर से महाविद्यालय परिसर में आकर नए व पुराने छात्रों व शिक्षकों से बात करना रोमांचक रहा। पूर्व छात्रों को परिसर में हुए परिवर्तनों को भी देखने का मौका मिला। छात्रों ने अपने वर्तमान जीवन के अनुभवों को सांझा किया। कार्यक्रम में श्रीमती सुचेता, कनुप्रिया, डॉ० अजय, डॉ० सतीश व अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

Pary

# प्रैस नोट

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद, दिनांक 19 फरवरी 2020 को महाविद्यालय प्रांगण में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सरगम' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० देवेन्द्र सिंह लाठर ने डॉ रणबीर कौशल (प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सफीदों) का स्वागत मुख्य अतिथि के रूप में किया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि जीवन में सफलता के लिए आपका सकारात्मक रवैया, लक्ष्य निर्धारण व समय प्रबंधन सफलता के प्रमुख आयाम हैं। डॉ० सविता मान/ प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय हाँसी) ने कार्यक्रम में उपस्थित रह कर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। कार्यक्रम में नृत्य, गायन, भाषण, कविता मोनो एक्टिंग व स्कीट आदि में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्वक प्रस्तुति सराहनीय थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ० पंकज गोयत ने किया। मंच संचालन डॉ० सतीश व डॉ० अजय ने किया। इस अवसर पर डॉ० संजय कुमार, डॉ० सतीश मोर, राजकुमार श्रीमती सुचेता, अनुप्रिया, मैना, सुशीला, सुमन व अन्य प्राध्यापक वर्ग व स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्ति व पत्रकार वर्ग भी उपस्थित रहे।

Principal
Govt. College
Narnaund (Hisar)

विज्ञान – प्रदर्शनी – डॉ० प्रवीन जैन

**OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVT. COLLEGE, NARNAUND (HISAR)**

## प्रैस नोट

राजकीय महाविद्यालय, नारनौंद में आज (दिनांक 21.01.2020) को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० देवेन्द्र सिंह ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय के छात्र– छात्राओं ने बड़े जोश व उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी के संयोजक डॉ० प्रवीण जैन ने बताया कि विभिन्न विषयों पर 28 मॉडल का प्रदर्शन छाओं ने किया जिसमें सबसे अधिक संख्या भूगोल विभाग (06 मॉडल) की रही। विभिन्न विषयों पर मॉडल के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने विचारों का स्पस्टीकरण दिया। भौतिक विज्ञान में मनीष व साहिल, भुगोल में भारती प्रणीता, जीव विज्ञान में प्रिया व रीतू वनस्पति विज्ञान में सोनिया व कोमल, रसायन विज्ञान में इंदू व मीनाक्षी मनौविज्ञान में मनोज व मैना न प्रथम स्थान प्राप्त किया । सभी विजेताओं को 28 जनवरी को राजकीय महाविद्यालय हिसार में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। प्रदर्शनी में डॉ० पंकज गोयत, डॉ० प्रवीण, डॉ० कनुप्रिया, डॉ० नैना, कुमारी सुमन व महाविद्यालय के शिक्षक एवं गैर–शिक्षक वर्ग ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

21/01/20

Principal
Govt. College
Narnaund (Hisar)

# राजकीय महाविद्यालय, नारनौंद

## मनोविज्ञान विभाग वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट

## (2019–20)

राजकीय महाविद्यालय, नारनौंद के मनोविज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों के उत्थान व मानसिक विकास हेतु मनोवैज्ञानिक परीक्षण, विज्ञान प्रदर्शनी व कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा अक्टूबर, 2019 में विद्यार्थियों के अवसाद स्तर जानने हेतु महाविद्यालय स्तर पर मनोवैज्ञानिक परीक्षण किए गए तथा उन्हें अवसाद मुक्त जीवन प्रेरित व जागरूक किया गया। जनवरी, 2020 में परामर्श व निर्देशन तकनीक सिखाई गई। जनवरी, 2020 में महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में Stress Management, Drug Addiction, Memory, Neurons के मॉडल प्रदर्शित किए गए। जिनमें से Stress Management मॉडल जिला स्तर की प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया गया। विभाग द्वारा विद्यार्थियों को मनोविज्ञान विषय में भविष्य निर्माण हेतु जागरूक किया जाता है।

Kanupriya
H.O.D.

# Consolidated Stipend scheme for SC Students (2019-20)

सत्र 2019-20 में राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में उपरोक्त स्कीम के अन्तर्गत 218 अनुसूचित जाति के विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। इस स्कीम के अन्तर्गत विद्यार्थियों को 2000रु. की राशि पुस्तक खरीदने के लिए दी जाती है तथा 1000 रु. प्रति माह, बारह महीने के लिए stipend दिया जाता है। यह राशि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के बैंक खाते में सीधे transfer की जाती है।

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद (हिसार) में शैक्षणिक सत्र 2019–20 में IQAC के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जो कि दिनांक 2 जुलाई 2019 को की गई । जिसमें पूरे वर्ष में होने वाली सभी शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों पर विचार विमर्श कर एक Academic Calendar तैयार किया गया ताकि इसके अतंर्गत पूरे वर्ष में शिक्षा के साथ–2 अन्य गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

IQAC Cell:-

1. Dr. Pankaj Goyat
2. Dr. Sanjay Kumar
3. Mrs. Sucheta
4. Dr. Satish Mor

# Govt. College Narnaund ( Hisar)

# Report of Girls Educational Tour

Educational tour committee of girls organized educational tour of Jaipur including Amer fort from 31-01-2020(evening) to 03-02-2020(morning) in which 49 girls of third year were selected on merit basis. As Jaipur is the most vibrant and colorful cities of India, famous for its beauty culture, its tale forts, its places and lakes. The city got its name from the founder of Maharaja Jai Singh the great warrior who ruled between 1693 and 1743. As all buildings of pink colour so it is titled as the Pink City.

The tour was to be planned and coordinated by Dr. Neha & Mr. Sandeep. Faculty members Ms. Suman and Mr. Devender (clerk) also agreed to accompany the students. Students and Faculty member visited many fort like Amer fort, Jaigarh fort and Nahargarh fort. Amer fort is a mesmerizing combination of conventional Rajasthani and Mughal architecture built in the 16th century. Inside Amer fort is the sheesh mahal, a delightful hall of mirrors. Many popular films like Jodha Akbar and Veer have been shot in Amer fort.

Nahargarh fort stands the edge of Aravalli hills and students mesmerized by the view of fort. Students also visited Jal Mahal, Jantar Mantar, zoo, Hawa Mahal, Birla Mandir. Students also went to the Bapu Bazaar famous for drawing the highest Numbers of shoppers. Overall, the whole tour was an exciting and rewarding journey for all – a team building experience. It was really very educative and indeed a memorable one.

Neha 08/02/2020
Convenor

Principal

Government College Narnaund (Hisar)

# G.C. NARNAUND , HISAR

## शैक्षणिक भ्रमण रिपोर्ट 2019-20 (Boys)

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद को निदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा द्वारा सत्र 2019-20 के दौरान छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण हेतु **70** हजार रूपये की अनुदान राशि प्रदान की गई। शैक्षणिक भ्रमण कमेटी के Convenor डा0. संजय कुमार सहायक प्रवक्ता भूगोल तथा श्री रविंद्र सहायक प्रवक्ता गणित के साथ **30** छात्रों का एक समूह 5 से 8 फरवरी 2020 के दौरान कुल्लू मनाली तथा सोलंग वेली भ्रमण हेतु गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्राकृतिक संसाधनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की तथा साथ ही भौगोलिक लक्षणों को देखकर अनुभाविक ज्ञान प्राप्त किया । इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नदी, झरने ,पहाड़, भू–संखलन, धार्मिक स्थान तथा पर्वतीय क्षेत्रों के रहन-सहन तथा जीवन स्तर व जीवन यापन से संबंधित मुद्दों पर जानकारी सांझा की तथा ये भ्रमण छात्रों के लिए उत्साहवर्धक एवं ज्ञानवर्धक रहा।

Principal
Govt. College
Narnaund (Hisar)

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद (हिसार) में शैक्षणिक सत्र 2018–19 में IQAC के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जो कि दिनांक 14 जुलाई 2018 को की गई । जिसमें पूरे वर्ष में होने वाली सभीं शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों पर विचार विमर्श कर एक Academic Calendar तैयार किया गया ताकि इसके अतंर्गत पूरे वर्ष में शिक्षा के साथ–2 अन्य गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

IQAC Cell:-

1. Dr. Pankaj Goyat
2. Dr. Sanjay Kumar
3. Mrs. Sucheta
4. Dr. Satish Mor

Block – II
1 Psychology Dept.
2 Geography Dept.
3 IQAC
4 Women Cell
5 Physical Dept.
6 Common Room (Girls)
7 Library
8 Staff Room
9 Mass Comunication Dept.
10 Computer ~~Dept.~~ Lab (Level–I)
11 Office
12 NAAC
13 NSS
14 Store
15 Washroom (Girls)
16 Washroom (boys)
17 Washroom (Staff ladies)
18 Washroom (Staff Gents)
19 Commerce Dept.
20. Cultural Room
21. Smart Class Room
22. Arts ~~&~~ & Commerce Faculty
~~23 Art and Sculture Room~~
~~24 Legal Library Cell~~
~~26. Placement cell~~

27. Red Cross office cum Dispensary

Block – I Sch...

1. Admin Block
2. Principal office ~~(First Appellate Auth.)~~
3. SP.I.O ~~(Dr. Satish ...)~~
~~4. Placement Cell~~
5. Red Ribbon Cell
6. Chemistery Dept.
7. ~~Physics Dept.~~ Physics Deptt.
8. Botany & Zoology Dept.
9. ~~Adhu~~ Set Room ADUSAT Room
10. Registrar Room
11. Bursar Room
12. Conference Hall
13. Computer Science Lab
~~14. Clerk office~~
14. ~~Gym &~~ Sports Room
15. Red Cross cum Dispensary.

Psychology Dept.

IQAC

Geography Dept.

Physical Dept.

Wommen

**OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVT. COLLEGE, NARNAUND HISAR**

# कार्यालय आदेश

यादि कमांक 6756 दिनांक 04/03/2020

महाविद्यालय के सभी HOD'S / Convener को सूचित किया जाता है कि सत्र 2019–20 में जितनी भी वार्षिक गतिविधियां करवाई गई हैं। उनकी रिपोर्ट डा0 सतीश मोर, सहायक प्राध्यापक हिन्दी के पास दिनांक 07.03.2020 तक अवश्य उपलब्ध करवाएं ताकि Annual Report निर्धारित समयानुसार पूरी की जा सकें। देरी के लिए HOD'S / Convener स्वयं जिम्मेवार होंगें । अति आवश्यक समझा जाए।

| Sr no. | Name | Subject | Signature |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Pankaj Goyat | Phy. Edu. | [signature] |
| 2 | Dr. Sanjay Kumar | Geography | [signature] |
| 3 | Smt. Sucheta | Commerce | [signature] |
| 4 | Sh. Raj Kumar | Geography | [signature] |
| 5 | Dr. Satish Kumar | Hindi | [signature] |
| 6 | Ms. Neha | Commerce | [signature] |
| 7 | Ms. Naina | Botany | [signature] |
| 8 | Mrs. Kanupriya | Psychology | [signature] |
| 9 | Ms. Suman Kumari | Math | [signature] 05/03/2020 |
| 10 | Sh. Parveen Jain | Physics | [signature] |
| 11 | Sh. Sukhdev | Math | Sukhdev |
| 12 | Ms. Sushila | Math | [signature] |
| 13 | Ravinder | Math | [signature] |
| 14 | Ajay Saini | Geography | [signature] |
| 15 | Anoop Singh | History | Anoop Singh |

[signature]
Incharge

[signature]
Principal
Principal
Govt. College
Narnaund (Hisar)